परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती
उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक
06-06-2025

प्रेस विज्ञप्ति

❖**डीआईजी बस्ती द्वारा बकरीद त्योहार के दृष्टिगत पुलिस लाईन सभागार कक्ष में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों के साथ की गयी गोष्ठी।**

❖**प्रस्तावित आरक्षीगण की जेटीसी/आरटीसी ट्रेनिंग के दृष्टिगत तैयारियों का लिया गया जायजा।**

❖**संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 06.06.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक संतबीरनगर श्री संदीप कुमार मीना की उपस्थिति मे पुलिस कार्यालय संतकबीरनगर के विभिन्न शाखाओ का निरीक्षण किया गया। बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस लाईन सभागार कक्ष मे राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गयी। तत्पश्चात प्रस्तावित आरक्षीगण की जेटीसी व आरटीसी ट्रेनिंग के दृष्टिगत पुलिस लाइन का भ्रमण कर सभी मूलभूत सुविधाओ को देखकर कमियो को समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। पत्रकार बन्धुओं से वार्ता कर अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया गया व उनकी समस्याओ को भी सुना गया।

डीआईजी0 बस्ती द्वारा गोष्ठी मे निम्नलिखित आदेश-निर्देश दिये गये :

(01) समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्षों से परिचय प्राप्त कर थानो की भौगोलिक स्थिति व अपराधों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। थाना धनघटा में बकरीद त्यौहार के दृष्टिगत तैयारियो की जानकारी प्राप्त कर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(02) ईद-उल-जुहा(बकरीद) को सकुशल व सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने हेतु थाना क्षेत्र को जोन व सेक्टर में विभाजित कर ड्यूटी लगायी गयी है।

(03) जनपद के पुलिस लाइन में प्रस्तावित आरक्षीगण की जेटीसी व आरटीसी ट्रेनिंग के दृष्टिगत आवास,शौचालय,स्नानागार,पानी,बिजली,पंखे/कूलर आदि सभी मूलभूत

सुविधाओ के सम्बन्ध में समीक्षा कर कमियो को समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया |

(04) कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के निमित्त मुख्य प्राथमिकताओं- अपराध/अपराधियों के खिलाफ जीरो सहिष्णुता की नीति, महिलाओं का सशक्तिकरण और सुरक्षा/संरक्षण, जन शिकायत निवारण, कानून और व्यवस्था बनाए रखना, साइबर अपराध का मुकाबला करना, बेहतर पुलिस सेवाएं, पुलिस कल्याण पर ध्यान, प्रतिभा और विशेषज्ञता का उपयोग, प्रौद्योगिकी और एआई का लाभ उठाना, प्रशिक्षण कुल 10 बिन्दुओ पर वार्ता कर सभी पुलिस बल को कार्य करने हेतु अवगत कराया गया।

उक्त गोष्ठी मे अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सुशील कुमार सिंह सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थाना प्रभारीगण सहित समस्त शाखा/कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
रेंज कार्यालय, बस्ती।